कार्यालय : सहायक शिक्षा निदेशक(बेसिक),तृतीय मण्डल,बरेली।

पत्रॉक–प्र0स0–2/ 3164-65 /2022–23 दिनॉक– 18/07/2022

प्रबन्धक
मीलिनियम वर्ल्ड स्कूल,
ग्राम खमरिया पटटी, विकासक्षेत्र–पूरनपुर
जनपद– पीलीभीत।

विषय– मीलिनियम वर्ल्ड स्कूल, ग्राम खमरिया पटटी, विकासक्षेत्र–पूरनपुर को कक्षा नर्सरी से कक्षा 8 तक (अंग्रेजी माध्यम) की स्थाई मान्यता के सम्बन्ध में।

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या–419/79–6–2013–18(20)/91 दिनॉक–08.05.2013 में निहित प्राविधानों एवं मानकों को पूर्ण किये जाने के उपरान्त जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी पीलीभीत के पत्रॉक–सह प्र0स0/मान्यता/4732–39/2018–19 दिनॉक–15.02.2019 द्वारा आपके विद्यालय को दिनॉक–01.04.2019 से 31.03.2022 तक कक्षा नर्सरी से कक्षा 08 तक (अंग्रेजी माध्यम) तीन वर्ष के लिए अनन्तिम मान्यता प्रदान की गयी थी। जिसके सम्बन्ध में आपके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र एवं तत्सम्बन्धी संलग्नकों के माध्यम से विद्यालय के नवीनीकरण हेतु अनुमति प्रदान करने का अनुरोध किया गया है।

उक्त के सम्बन्ध में सूच्य है कि स्थाई मान्यता के सम्बन्ध में शासनादेश संख्या–419/79–6–2013–18(20)/91 दिनॉक–08.05.2013 के प्रस्तर 15 के अनुसार औपबन्धिक मान्यता अवधि में मान्यता की शर्तो का उल्लघंन न करने की स्थिति के संज्ञानित होने पर विद्यालय को स्थाई मान्यता प्राप्त हो गई है। उपरोक्तानुसार मीलिनियम वर्ल्ड स्कूल, ग्राम खमरिया पटटी, विकासक्षेत्र–पूरनपुर, जनपद पीलीभीत को निर्देशित किया जाता है कि मान्यता सम्बन्धी नियमों एवं शर्तो का अनुपालन किया जायेगा। भविष्य में कोई त्रुटि अथवा असत्यता पाये जाने पर विद्यालय की मान्यता स्वतः समाप्त हो जायेगी।

(गिरवर सिंह)
सहायक शिक्षा निदेशक(बेसिक),
तृतीय मण्डल,बरेली।

पृ0सं0– प्र0स0–2/ /2022–23 दिनॉकित।
प्रतिलिपि–जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, पीलीभीत को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

सहायक शिक्षा निदेशक(बेसिक),
तृतीय मण्डल,बरेली।